हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

बुधवार
5 मार्च 2025, बरेली

**PAGE NO: 04 MIDDLE**

# कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी से बच्चों को लाभ

**बरेली।** वर्ल्ड हियरिंग डे पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। ईएनटी एंड एचएनएस विभाग से चेंज इन माइंडसेट : इंपावरिंग योरसेल्फ ( मानसिकता में बदलाव से खुद को सशक्त बनाएं) टैग लाइन से कार्यक्रम में कोक्लियर इंप्लांट के बाद स्वस्थ हुए बच्चों ने केक काटा। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल एयरमार्शल ( सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, ईएनटी एंड एचएनएस विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रोहित शर्मा मौजूद रहे।